अजमेर रेलवे स्टेशन पर 'स्टेशन महोत्सव' मनाया

■ अजमेर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा

अजमेर, (कासं)।अजमेर स्टेशन के गौरवमय इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाने के लिए अजमेर स्टेशन पर 'स्टेशन महोत्सव' मनाया गया। अजमेर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अपने सम्बोधन मे मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने कहा की आधुनिकता व विकास के इस दौर में विरासत को सजोए रखते हुए अजमेर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अजमेर मंडल उत्तर पश्चिम रेलवे का महत्वपूर्ण मंडल है जिसमें अजमेर स्टेशन सबसे प्रमुख स्टेशन है। गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली राजपूताना-मालवा रेलवे का निर्माण सन् 1870 में शुरू किया गया था। दिल्ली-रेवाड़ी लाइन का निर्माण सन् 1872 में और रेवाडी-अजमेर (मदार-अजमेर) का निर्माण सन् 1875 में और अजमेर-अहमदाबाद लाइन का निर्माण 1881 में हुआ। वर्तमान स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 1900 में किया गया था।

अजमेर मंडल सन् 1956 में मुख्य रूप से मीटर गेज प्रणाली पर अस्तित्व में आया। मदार से अजमेर तक मीटर गेज का ब्रॉड गेज में रूपांतरण सन् 1995 में पूरा हुआ। यात्री सेवा के 125 गौरवशाली वर्षों मे अजमेर स्टेशन मीटर गेज के भाप के इंजन से लेकर ब्रॉड गेज की वंदेभारत एक्स्प्रेस के इलेक्ट्रिक इंजन तक के दौर का गवाह रहा है

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार विधायक अजमेर (दक्षिण) अनीता भदेल के मुख्य आतिथ्य मे मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा व स्वतंत्रता सेनानी सोभाराम गेहरवाल, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) अनूप शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अजमेर स्टेशन से संबंधित सवालों की एक क्विज़ का भी आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। अजमेर स्टेशन भवन की समाकृति का केक भी इस अवसर पर काटा गया और आजादी के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये गए तथा सुंदर रंगोली भी सजाई गई।

नसीराबाद घाटी में पलटी चारे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

अजमेर, (कासं)। एक ओर जहां यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा माह अभियान चलाकर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर शहर में दौड़ रहे ओवरलोड वाहन हादसों को न्यौता दे रहे है। शुक्रवार सुबह आदर्श नगर थाना क्षेत्र में नसीराबाद घाटी में चारे से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे मुख्य मार्ग पर जाम लग गया।

आदर्श नगर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार चारे से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली नसीराबाद से अजमेर शहर की ओर आ रही थी, तभी घाटी में ब्रेक न लगने के कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली सहित ट्रैक्टर सडक़ पर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन हादसे के बाद कुछ देर के लिए नसीराबाद रोड पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची ।

बाबा दीपसिंह की स्मृति में सिख समागम अलवर गेट गुरुद्वारे में 25 व 26 को

अजमेर, (कासं)। गुरूद्वारा श्री दशमेश सत्संग सभा नसीराबाद रोड अलवर गेट के प्रधान सरदार गुरूचरण सिंह गुरूदत्ता, मीत प्रधान सरदार मनजीत सिंह सलूजा, सचिव सरदार जसपाल सिंह बग्गा, मैनेजर सरदार मनजीत सिंह गोल्डी, कोषाध्यक्ष सरदार प्रीतमसिंह दुआ की कमेटी के नेतृत्व में गुरुद्वारे में प्रतिवर्ष की भांति मनाये जाने वाले बाबा दीपसिंह जी की स्मृति दिवस के अवसर पर 25 से 26 जनवरी को तीन दिवान धार्मिक कीर्तन एवं सिख समागम का आयोजन किया जाएगा।

गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरूचरण सिंह और सरदार मनजीत सिंह सलूजा व व्यापारिक महासंघ के रमेश लालवानी ने जानकारी देते बताया है कि सिक्ख समाज के महाबली महायोद्धा शहीद बाबा दीपसिंह के 344वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित सिख धार्मिक कीर्तन समागम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण चैपहरा जप तप समागम रविवार 26 जनवरी को प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हुजुरी रागी श्रीदशमेश सत्संग सभा लुधियाना वाले भाई अमृतपाल सिंह, भाई जुगराज सिंह, नानकसर मंदरा मोंगा वाले रागी जत्थे, कीर्तनी जत्थों के द्वारा सत्संग कीर्तन से संगत को निहाल किया जाएगा। 25 जनवरी शनिवार को सायं 7:30 से रात्रि 10:30 बजे तक कीर्तन और प्रवचन होंगे।

तीनों दिवान प्रात: व सांयकाल में गुरु महाराज का अटूट लंगर वरताया जाएगा।

सार-समाचार

राजकीय बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्स्व मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवतसर में वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ व विद्यालय समिति संरक्षक पूर्व पार्षद श्यामसुंदर वैष्णव अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभापति राठौड़ ने कहा कि महामना के नाम पर यह विद्यालय चल रहा है, जिन्होंने हम सभी को देश में एकात्मक मानववाद की प्रेरणा दी थी। पं दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव सार्थक सोच रखी की अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति का उद्धार होना चाहिये, तभी देश सही मायने में सोने की चिड़िया बन सकेगा। संरक्षक श्यामसुंदर वैष्णव ने कहा करीब 28 वर्ष पहले नगर पालिका द्वारा भूमि उपलब्ध कराने से विद्यालय खुल सका। भामाशाहो ने भी जनसहभागिता में योगदान दिया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये पुनीत कार्य में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, ताकि बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में परचम फहरा सके। अतिथियों द्वारा जिला एवं उपखण्ड स्तर पर सराहनीय योगदान देने पर बच्चों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने अतिथियों का परम्परागत रूप से स्वागत अभिनंदन किया। पार्षद हिम्मत सिंह शेखावत, कानाराम बंजारा, नेमीचंद जोशी, धीरालाल बजाड़, बाबूलाल वैष्णव, देवकिशोर गुर्जर, राजीव चुंडीवाल, दिनेश अठावत,रमेश चुंडीवाल, सुरज गुर्जर, भेरूलाल डसानिया, विशम्भर, श्रीकृष्ण वैष्णव, भंवरलाल नुवाद सहित विद्यालय से आशा शर्मा, मंजू शर्मा, मीनाक्षी नवल, दिव्या गोदारा, दिनेश सैनी, शीतल निर्माण, वंदना कुमावत व नेमीचंद जाट आदि उपस्थित थे।

रंगोली के माध्यम से दिया बालिका दिवस का संदेश

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा शुक्रवार को वैशालीनगर स्थित अर्बन हाट बाजार में आकर्षक रंगोली बनाई गई। महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि बालिकाओं को उनके अधिकारों, सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रंगोली बना कर आमजन को बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन अमिता शर्मा ने बताया कि भजनगंज स्थित ड्रीम इंडिया स्कूल की बालिकाओं द्वारा रंगोली बनाई गई । जिसमें सोनू, मोनू, तपस्या, हार्दिक, वंश शर्मा, कोशिन, खुशी, काशिश, नम्रता जैन, निकिता अग्रवाल छात्र शामिल है। रंगोली में बालिकाओं के अच्छे जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अरबन हाट बाजार में चल रहे खादी मेले में आने वालो को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। हाट बाजार के सहायक प्रबंधक देवकीनंदन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के सहायक निदेशक राजेश शर्मा, लायन राजेंद्र गांधी, लायन चरणप्रकाश गुप्ता, पवन जांगिड़, राजेंद्र पखारिया, दिलीप बैरवा, श्वेता मेहरा, आभा माथुर सहित अन्य मौजूद थे।

प्रथम वर्ष एलएलबी की मिड टर्म परीक्षा 29 से

अजमेर, (कासं)। लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष एलएलबी की मिड टर्म परीक्षा 29 जनवरी से शुरू होंगी। प्राचार्य डॉ.विभा शर्मा ने बताया कि सत्र 2024-25 से एलएलबी प्रथम वर्ष में सेमेस्टर सिस्टम की शुरुआत की गई है। इसके तहत 20 अंकों की मिड टर्म परीक्षा होगी। इसके तहत 29 से 31 जनवरी तक लिखित परीक्षा और 5 से 7 फरवरी तक प्रस्तुतिकरण परीक्षा कराई जाएगी। कॉलेज ने परीक्षा टाइम टेबल जारी कर दिया है।

सभी कॉलेज में शुरुआत:बार कौंसिल के आदेशानुसार डॉ.अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध सभी लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष में सेमेस्टर सिस्टम की शुरुआत की गई है। लॉ ऑफ टोर्ट्स, कंज्यूमर प्रोटेक्शन एंड मोटर व्हीकल एक्ट, कॉन्सिट्यूशनल लॉ प्रथम, लॉ ऑफ कॉन्ट्रेक्ट प्रथम, फैमिली लॉ प्रथम, लेबल एंड इंडस्ट्रियल लॉ प्रथम, जनरल इंग्लिश, लीगल लैंग्वेज, लीगल राइटिंग विषय की परीक्षा होगी।

यात्रियों के सामानों की जांच

■ जीआरपी व आरपीएफ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

अजमेर, (कासं)। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अजमेर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जीआरपी और आरपीएफ ने स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, वेटिंग रूम, टिकट काउंटर और ट्रेनों में सुरक्षा जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए यात्री सामान की जांच, बॉडी स्कैनिंग और मेटल डिटेक्टर से सघन चेकिंग और ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के सामान और टिकटों की जांच भी की जा रही है। सुरक्षा बलों ने प्लेटफॉर्म पर खड़े वाहनों और अनाधिकृत लोगों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी है। जीआरपी और आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के तहत सुरक्षा के मद्देनजर अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विशेष सुरक्षा टीमों का गठन किया गया है, जो 24 घंटे निगरानी कर रही हैं। बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से स्टेशन और ट्रेनों की गहन जांच की जा रही है।

बालिका दिसव मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सखी सहेली संस्था व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर दो विद्यालयों में किशोरावस्था में लड़कियों में आने वाले बदलाव, चिंता सहित समाधान पर कार्यशाला का आयोजन किया। राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ शहर व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुजरियावास में अध्यक्ष डॉ. मंजू राठी ने कहा लड़की होना अभिशाप नहीं है, बल्कि एक वरदान है। क्योंकि लड़की एक शक्ति है और उस शक्ति का हमें भरपूर उपयोग कर सामान्य लड़की से एक जागरूक लड़की बनना है।

फाउंडेशन समाज जागरण की दिशा में कर रहा है काम: अग्रवाल

अजमेर, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बालिका दिवस के अवसर पर अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय स्थित स्वराज सभागार में शुक्रवार को यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट देवेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को यूनाइटेड नेशन एजुकेशन डे मनाया जा रहा है, दूसरी और राष्ट्रीय बालिका दिवस होने के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 से दोपहर 3 बजे तक किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व अतिरिक्त शिक्षा सचिव श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिक्षा के महत्व और उसकी उपादेयता पर विस्तार से जानकारी दी। अग्रवाल ने कहा कि यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन समाज जागरण की दिशा में काम कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउण्डेशन के चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल ने की। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय एजुकेशन पॉलिसी सहित अन्य मुद्दों पर वक्ताओं ने विचार रखे और यह निष्कर्ष निकाला कि वर्तमान सरकार ने जो नई शिक्षा नीति लागू की वह व्यावहारिक शिक्षा नीति है । जोधपुर विश्विविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत, यूनाटेड ग्लोबल पीस फाउण्डेशन के निदेशक शक्ति सिंह, रीजनल इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन अजमेर के निदेशक डॉ.नगेन्द्रसिंह, फाउंडेशन के सलाहकार विकांत सिंह तोमर ने अपने विचार रखे।

सत्र में वक्ताओं ने रखे अपने विचार

जोधपुर । जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने विश्वविद्यालयों में मौजूदा हालातों पर प्रभावी टिप्पणी करते हुए कहा कि निष्ठापूर्वक सेवा और सामाजिक चेतना के लिए शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने राजस्थान की तीन महान महिलाएं मीरांबाई, पन्नाधाय और हाड़ी रानी का जिक्र करते हुए ऐतिहासिक विवेचना और शिक्षा के समन्वय को प्रस्तुत किया। यूनाटेड ग्लोबल पीस फाउण्डेशन के निदेशक शक्ति सिंह बांदीकुई ने आयोजन की आवश्यकता क्यों पड़ी इस विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों और समाज में प्रतिभाशाली जरूरतमंदों की मदद के लिए फाउंडेशन निरन्तर काम कर रहा है। रीजनल इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन अजमेर के निदेशक डॉ.नगेन्द्रसिंह ने शिक्षा नीति और उसकी खूबियों पर विस्तार से जानकारी दी। दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद पारीक ने शिक्षा नीति और उसकी प्रभावी आवश्यकता पर कई पहलुओं से रूबरू करवाया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायणलाल गुप्ता ने यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउण्डेशन से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी प्रयासों को फलीभूत करने की बात कही।

शेखावत ने बताया कि यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन का उद्देश्य सेवा परमो धर्म के आधार पर वसुदेव कुटुंबकम के महत्व को मद्देनजर रखते हुए ऐसे बालक-बालिकाएं जो 90 प्रतिशत से अधिक नंबर लाते हैं, लेकिन माता-पिता पढ़ा नहीं पाते, ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी जो की संसाधनों के अभाव में प्रतिभा गांव तक ही दम तोड़ देती है, ऐसी बालिकाएं जो कि जिनके माता-पिता विवाह करने में आर्थिक परेशानियों के कारण सक्षम नहीं है, जीव दया सहित युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण के साथ 11 उद्देश्यों को लेकर यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन की स्थापना की गई है। आने वाले फरवरी माह में एक ग्लोबल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 25 देश के लोग भाग लेंगे।

पिता-पुत्र की जमानत याचिका खारिज

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अपर सेशन न्यायाधीश संदीप आनंद ने पुरानी अदावत को लेकर प्राणघातक हमला करने के आरोपी पिता पुत्र की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया है। देवडूंगरी निवासी आरोपी अशोक शर्मा (दाधीच) व इसके पुत्र अभिषेक दाधीच ने गैस पाईप लाईन को लेकर भाजपा जिला महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच के घर पहुंच कर मारपीट शुरू कर दि। धारधार हथियार के साथ लाठी डंडो से लेंस उपरोक्त हमलावरो ने वैदप्रकाश दाधीच इनके पुत्र हर्षित दाधीच पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वैदप्रकाश व इनका पुत्र हर्षित लहूलुहान होकर घायल हो गये। मदनगंज थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की और से प्रस्तुत रपट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरप्तार कर लिया। आरोपियों ने न्यायालय में प्रार्थना पेश कर जमानत के लिये गुहार लगाई ।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी

अजमेर, (कासं)। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन मैदान में होने वाले जिला स्तरीय समारोह की रिहर्सल एवं व्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार प्रात: 9:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर प्रथम, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर)ने संयुक्त रूप से तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन में आयोजित रिहर्सल के दौरान मार्च पास्ट की सलामी अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी ने ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पीटी और शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी।

शिविर आयोजित

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मूरजानी के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर को आयोजन किया गया।

प्रवासी पक्षियों की गणना अभियान 28 जनवरी से

■ वन विभाग की शोध व टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले के जलाशयों पर आने वाले प्रवासी पक्षियों की गणना के लिए वन विभाग की ओर से आगामी 28 से 2 फरवरी तक अभियान चला कर गणना की जाएगी। इसी के तहत जिले के 12 अधिसूचित जलाशयों प्रवासी पक्षी (जलीय पक्षी) को चिन्हित किया गया है। विभागीय अभियान का उद्देश्य दुर्लभ प्रवासी पक्षियों पर शोध कर उनके अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना रहेगा ताकि प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में यहां आएं जिससे अजमेर में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

उप वन संरक्षक सुगनाराम जाट ने बताया कि जिले में 12 प्रमुख अधिसूचित जलाशयों पर प्रवासी पक्षियों की गणना की जाएगी, जिनमें आनासागर झील, फॉयसागर, किशनगढ़ का गोंदोलाव तालाब आदि प्रमुख है। अभियान के तहत विभाग द्वारा सुबह 7 से 10 बजे तक प्रवासी पक्षियों की गणना की जाएगी।

इसके लिए विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम में ऐसे वनकर्मियों को शामिल किया गया है, जिन्हें पक्षियों की पहचान और जलाशयों तक पहुंचने का भलीभांति ज्ञान है। टीम को दूरबीन और जीपीएस उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि प्रवासी पक्षियों की सही गणना की जा सके।

जलाशय का जीपीएस कोआर्डिनेट रिकॉर्ड होगा: प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक पीके उपाध्याय ने सभी जिला स्तरीय वनाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गणना के दौरान जीपीएस का उपयोग किया जाए।

इससे जलाशयों की सटीक स्थिति का रिकॉर्ड रखा जा सकेगा। गणना टीम में पक्षी विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों की पहचान की जा सके। यह प्रक्रिया प्रतिदिन तीन घंटे चलेगी और इसमें हर जलाशय का जीपीएस कोआर्डिनेट भी रिकॉर्ड किया जाएगा।

प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल माहौल बनाना: प्रवासी पक्षियों की गणना के परिणामों के आधार पर विभाग द्वारा दुर्लभ प्रवासी पक्षियों पर शोध करेगा और उनके लिए जलाशयों पर अनुकूल माहौल तैयार करना रहेगा। इससे न केवल पक्षियों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि जिले में पर्यटकों की आमद भी बढ़ेगी, जिससे टूरिज्म को नया आयाम मिलेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्याः कैरिज-03-2025 दिनांक 24.01.2025 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थानः** "एफआरपी पैकेज्ड सीवेज वाटर ट्रीट्मन्ट संयंत्र का डिजाइन, आपूर्ति, इरेक्शन और कमीशनिंग, उसके बाद एक वर्ष तक उसका संचालन और रखरखाव", **अनुमानित लागतः** रु. 14,15,410.00, **टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्टः** रु. 00.00, **बयाना राशिः** रु. 28,300.00, **ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीखः** दिनांक 17.02.2025 समय 15.00 बजे तक, **वेब साइट का विवरणः** www.ireps.gov.in, **पात्रता मानदंडः** लागु नहीं। **नोटः** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशि केवल किये IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा जाने है। **107-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./भवन/24-25/788 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 24/1/2025

श्री हेमन्त कुमार पुत्र श्री हेतराम मीणा निवासी डी-612 मालवीय नगर जयपुर हाल जयपुर द्वारा एक भूखण्ड संख्या 1 जो खसरा संख्या 24/ 2986, 39/2416 का एक भाग हैं, जो वाके माधव कॉलोनी मदार स्टेशन के पास किरानीपुरा अजमेर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 83.61 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व : - भूखण्ड संख्या 2 पश्चिम : रास्ता आम 24 फुट चौडा

उत्तर : बतो देवी मीणा पत्नी रणधीर मीणा का मकान दक्षिण : रास्ता आम 100 फुट चौडा

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी. व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर - अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 1273 मिन का नियमन दिनांक 28.07.2023 को श्रीमती सुमन यादव पत्नि स्व. श्री प्रेम प्रकाश यादव के नाम किया गया था। उन्होंने यह भूखण्ड श्री मोहम्मद उस्मान पुत्र श्री कादर (चीता) निवासी पंचशील ए-ब्लॉक के सामने माकड़वाली अजमेर से क्रय किया । मोहम्मद उस्मान पुत्र श्री कादर (चीता) ने यह भूखण्ड श्री उमेश आसुदानी पुत्र त्रिलोक चंद आसूदानी (सिन्धी) निवासी के. के. कॉलानी, मलूसर रोड, अजमेर बहैसियत मुख्त्यारआम (1) श्रीमती सकीना पत्नि श्री लाला (2) भंवर (3) सतार (4) अमरचंद (5) किशन उर्फ बुगल (6) पप्पू पुत्रगण (समस्त) श्री लाला चीता निवासीगण (समस्त) चौरसियावास अजमेर के मुख्त्यारनामा जो कि नोटेरी पब्लिक श्री टी.जे. सिंह के रजिस्टर क्रमांक 5327/07 दिनांक 22.06.2007 को तस्दीकशुदा मुख्त्यारनामा आम है। जिसमें की उक्त मुख्त्यारनामा की प्रति खो गई है। अत: अब राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 1273 मिन उक्त भूखण्ड का पट्टा श्रीमती सुमन यादव पत्नि स्व. श्री प्रेम प्रकाश यादव निवासी अजमेर के पक्ष में फी होल्ड पट्टा दिये जाने के सबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम फी होल्ड पट्टे की कार्यवाही की जा सकेगी।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर (उपायुक्त उत्तर)

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला अजमेर राज.

गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर 01462-230051 ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.बि/भूमि/2025/5223 **आम सूचना** दिनांक : 24.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अत इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	48	छोटूलाल खाती/ हजारी	कृष्णा कॉलोनी, चौसला	पुराना -428 नया -4161	40	111.11 वर्गगज

अधिशापी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 1543 क्षेत्रफल 112.5 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री बोध राज चडडा पुत्र श्री मोहन स्वरूप चडडा निवासी 224/12, राम गली, हाथी भाटा, अजमेर की मृत्यु दिनांक 10 अगस्त 2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा सजरा रिपार्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः उर्मिला चडडा पत्नि स्व. श्री बोध राज चडडा, निवासी राम गली, हाथी भाटा, अजमेर, राजेश चडडा पुत्र स्व. श्री बोध राज चडडा, निवासी राम गली, हाथी भाटा, अजमेर, ऋतु चडडा पुत्री स्व. श्री बोध राज चडडा, 7/148 सुभाष नगर, उदयपुर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर